प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...............

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बून्दी के चार दिवसीय प्रवास पर है। इस दौरान श्री बिरला ने आज बांके बिहारी मंदिर से निकली फाग संकीर्तन परिक्रमा मे भाग लिया। तलवंडी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई इस परिक्रमा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री बिरला का शाम को बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या और एक प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है। वे कल कैथूनीपोल स्थित पैतृक आवास पर क्षेत्रवासियों के साथ होली का पर्व मनाएंगे तथा एक समाज के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल होंगे। इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज डीग के दौरे पर रहेंगे। वे पूंछरी का लौठा पंहुचे है। श्री शर्मा वहां श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

...............

प्रेम, सद्‌भाव और भाईचारे का प्रतीक होली का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जगह–जगह होलिका सजाई गई है। रात को मुहुर्त अनुसार होलिका दहन किया जायेगा। कल धुलंडी पर लोग एक दूसरे को रंग लगाकर यह पर्व मनायेंगे। राजधानी जयपुर स्थित गोविंद देवजी मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई है। वहीं प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में भी आकर्षक सज्जा कर फाग और भजन संध्याओं के आयोजन किये जा रहे है। भरतपुर में चामड़ माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। जैसलमेर में बाबा रामदेव की समाधि पर भी श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। इधर होली के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस अधिकारियों और जवानों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। राजधानी जयपुर में अभय कमांड सेंटर से पूरे शहर की निगरानी रखी जा जा रही है। ड्रोन कैमरों की मदद से भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 'होलिका दहन' की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी प्रदेशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और समृद्धि का संचार करे।

...............

बारां जिले का प्रसिद्ध फूल डोल लोकोत्सव आज से शुरू हो गया है। 21 मार्च तक चलने वाले इस लोकोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि मेले का शुभारंभ राम जानकी मठ से मौसाला पहनाने की रस्म से होगा। उसके बाद चारभुजा नाथ मंदिर से भगवान चारभुजा नाथ की शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कस्बे के मुख्य फूल डोलमार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंचेगी। शाम को होलिका दहन के साथ ही कस्बे के चौमुखा बाजार में भजन संध्या का आयोजन होगा।

...............

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 15 से 17 मार्च तक शक्ति वंदन महोत्सव मनाया जायेगा। ये महोत्सव महिलाओं द्वारा महिलाओं को समर्पित होगा। इस कार्यक्रम में ''लखपति दीदी योजना के तहत चैक भी वितरित किए जाएंगे। कला, संस्कृति और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर अवार्ड से नवाजा जाएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''वोकल फॉर लोकल'' के तहत 300 स्टॉल लगाई जाएंगी। महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से चर्चा की जाएगी। इसकी सबसे खास बात अहिल्याबाई होल्कर के महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रनिर्माण में योगदान सत्र की रहेगी।

...............

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय बाजार में प्रवेश की तैयारी कर रहे स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा का स्वागत किया है। श्री वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दूरदराज के क्षेत्रों में रेल परियोजनाओं में अत्यंत उपयोगी होगी। दो भारतीय दूरसंचार कंपनियों

द्वारा स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाओं के लिए स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की घोषणा के बीच श्री वैष्णव का यह बयान आया है।

...............

प्रदेश में आज से एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीकानेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। 14–15 मार्च को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग व जैसलमेर, फलोदी, नागौर व आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं। 16 मार्च को भी जयपुर व भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश व शेष अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

...............

शिक्षा मंत्रालय, प्रधानमंत्री की युवा लेखकों का मार्गदर्शन करने वाली योजना पीएम–युवा 3.0 के अंतर्गत लेखकों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। यह प्रतियोगिता 10 अप्रैल तक माय जीओवी वेबसाइट पर आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुल 50 लेखकों का चयन किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य देश में पढ़ने, लिखने और पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन इस वर्ष अप्रैल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

...............